Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to expedite the construction of Mahananda Basin Project and also provide funds for the project-laid.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): मेरा संसदीय क्षेत्र बिहार राज्य के दूरस्थ क्षेत्र में अवस्थित अररिया जिला हर साल बाढ़ की मार झेल रहा सीमांचल का अत्यंत पिछड़ा जिला है जो कि नेपाल सीमा पर स्थिति है और नेपाल से जो पानी भारत की सीमा में आता है वह मेरे क्षेत्र में भयंकर तबाही मचाता है । सीमांचल क्षेत्र को बाढ़ की समस्या से स्थायी निदान के लिए भारत सरकार द्वारा 2013 में एक परियोजना शुरू की गई थी जिसका नाम है ‘महानंदा बेसिन परियोजना’ जिसका कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है । इस परियोजना का कार्य 4 फेज में पूरा होना था लेकिन अभी तक इस परियोजना का 1 फेज ही पूरा हो पाया है बाकि फेज में इस परियोजना के तहत सहायक नदियाँ जैसे बकरा, नूना, कनकई, परवान, सुरसर और भलवा है जिन पर बाढ़ सुरक्षात्मक बांध बनाया जाना अतिआवश्यक था, जिसके बनाये जाने से मेरे क्षेत्र को बाढ़ जैसी भयानक त्रासदी से स्थायी निदान मिल सकता है । इस परियोजना का कार्य भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पास लंबित है, इस परियोजना के लिए आवंटित राशि को दिया जाए और इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए । धन्यवाद ।